बरेली, मंगलवार
8 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO : IV MIDDLE

# एसआरएमएस, जीएसटी ने जीते मुकाबले

जागरण संवाददाता, बरेली : वेदान टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में एसआरएमएस ने ओवैस क्रिकेट अकादमी को 65 रन से हराया। दूसरे मेच में जीएसटी ने खलीफा क्रिकेट अकादमी को पांच विकेट से करारी शिकस्त दी।

एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और ओवैस क्रिकेट अकादमी के बीच हुए मैच में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस की टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाए। एसआरएमएस की तरफ से शाहरुख खान ने 60 रन और अनुज शर्मा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 16 बाल पर नाबाद 32 रन बनाए। ओवैस क्रिकेट अकादमी की तरफ से यश भारद्वाज ने चार विकेट लिए। जवाब में ओवैस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 123 रन पर आल आउट हो गई। तीन विकेट लेने पर अनुज शर्मा को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरा मैच खलीफा क्रिकेट अकादमी और टीम जीएसटी-11 के बीच खेला गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खलीफा क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 76 रन पर ढेर हो गई। जीएसटी-11 की तरफ से धीरेंद्र यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में आठ रन देखकर चार विकेट लिए। इसमें हैट्रिक भी शामिल है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएसटी ने पांच विकेट से मैच जीत लिया। हर्ष राणा ने 49 रन बनाए। धीरेंद्र यादव को मैन आफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि डीपीएस के प्रधानाचार्य वीके मिश्रा, डा. अमीद मुराद, डा. सबीन अहसन, मयंक शुक्ला, अश्वनी ओबेराय, विशाल, ओपी कोहली, जैनब फातिमा, एड हुरिया रहमान आदि लोग मौजूद रहे।



मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते हुए मुख्य अतिथि व अन्य लोग • सौ. खिलाड़ी